हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 06 TOP

यूपी पुलिस के हैकाथॉन में एसआरएमएस सीईटी की छात्राओं ने पहला स्थान पाया।

एआई की मदद से भीड़ प्रबंधन का बनाया फार्मूला

बरेली। तकनीक के क्षेत्र में भी आधी आबादी अपना झंडा बुलंद कर रही है। यूपी पुलिस के हैकाथॉन में एसआरएमएस सीईटी की छात्राओं ने पहला स्थान पाया। बीटेक सीएस अंतिम वर्ष की छात्रा मृदुल सिंघल, महक अग्रवाल, पारुल साहनी और आंचल जैन ने क्राउड काउंटिंग कैटेगरी में समस्या का समाधान करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने भीड़ प्रबंधन समस्या को दूर करने के लिए एआई और एमएल तकनीक को लागू करने का समाधान दिया था। यह तकनीक किसी भी स्थान पर भीड़ को प्रबंधित करने में यूपी पुलिस अधिकारियों की सहायता कर सकती है। टीम की ओर से दिए गए समाधान का मूल्यांकन दो चरणों में किया गया। पहला निष्पादन योग्य मॉडल प्रदर्शन और दूसरा विशेषज्ञों के साथ प्रश्न-उत्तर सत्र। दोनों मूल्यांकन चरणों में खरा उतरने पर टीम को पहला स्थान हासिल हुआ। टीम को इनाम के रूप में यूपी पुलिस की तरफ से पचास हजार रुपये की राशि और जीत का सर्टिफिकेट दिया गया।